हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 16 अंक 52
विक्रम संवत 2081
पौष कृष्ण अष्टमी से
पौष कृष्ण चतुर्दशी
23 दिसम्बर सोमवार से
29 दिसम्बर रविवार 2024 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य ४रु०/-

श्रीकृष्ण भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोनः 0121-2641338
shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

## शासन-प्रशासन जानकारियां

## उप मुख्यमंत्री उ०प्र० ने सर्किट हाऊस में की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा विश्वास के साथ विकास करना

### सरकार की प्राथमिकता नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं लक्षित लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का दिलाया जाये लाभ–केशव प्रसाद मौर्य



उप मुख्यमंत्री उ०प्र० श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सर्किट हाऊस में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये मा० उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि जनप्रतिनिधियो के साथ समय–समय पर बैठक एवं समन्वय बनाते हुये बताये गये कार्यों को प्राथमिकता दी जाये। प्रभारी मंत्री द्वारा की गई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये आख्या प्रस्तुत की जाये। उन्होने कहा कि विश्वास के साथ विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी के अनुरूप कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर जनपद में समस्त विभागो द्वारा किये गये कार्यों की मा० उप मुख्यमंत्री जी द्वारा सराहना की गई।

मा० उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मा० प्रधानमंत्री जी के द्वारा उल्लिखित समाज के चार स्तम्भ पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। समस्त अधिकारी इसको ध्यान में रखते हुये और अच्छा क्या हो सकता है प्लॉनिंग बनाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनपद में सीएसआर फंड से समूह की महिलाओ द्वारा फूलो की खेती कराये जाने के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुये बताया गया कि समूह दीदी को लखपति दीदी बनाया गया है, जिस पर मा० मंत्री जी ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओ से महिला समूहो को सशक्त करने हेतु कार्यक्रम को आगे बढाया जाये तथा जनपद में किये गये इस प्रकार के नवाचार से शासन को रिपोर्ट भेजते हुये अवगत करायें। उन्होने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं लक्षित लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाया जाये। पीएम आवास शहरी योजना की समीक्षा की जाये तथा लाभार्थियो को लाभ दिलाया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गडबडी संज्ञान में आती तो जांच कर एंटी करप्शन टीम के माध्यम से कार्यवाही की जाये। शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में अमृत सरोवर को पूर्व स्वरूप में लाया जाये, जहां भी अतिक्रमण है उस पर कार्यवाही की जाये। घरौनी वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कहीं पर भी गलती हुई है तो उसको सुधारा जाये और जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। हर घर जल योजना अंतर्गत पाईप लाईन बिछाये जाने के कार्य के पश्चात् सडक मरम्मत ठीक से न करने की शिकायते मिलती रहती है, इसको गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि ऐसा कोई प्लॉन तैयार करें जो फर्म कार्य कर रही है वह मरम्मत के लिए पैसा जिस विभाग की सडक है उसको दें और वही विभाग उस सडक को ठीक कराये। इस प्रकार के मॉडल की शुरूआत मेरठ से की जा सकती है, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। मा० प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से देशव्यापी स्वच्छता अभियान लगातार चल रहा है तथा जनपद स्तर पर भी स्वच्छता कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित होते है, सभी विभागीय अधिकारी जनपद स्तर पर पहले एवं अंतिम रविवार को सफाई अभियान कार्यक्रम चलाये। मा० उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज के संगम तट पर दिव्य, भव्य एवं स्वच्छ महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मा० प्रधानमंत्री जी एवं मा० मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में महाकुंभ की समग्र रूप से तैयारी की जा रही है, जनपद से समूह दीदी एवं अन्य लोगो की सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु प्लॉनिंग की जाये तथा जनपद स्तर पर महाकुंभ का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाये। बैठक में जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

इस अवसर पर महापौर हरिकान्त आहलुवालिया, मा० विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, मा० एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, उपाध्यक्ष एमडीए अभिषेक पाण्डेय, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी उपस्थित रहे। **– श्रम शिखर ब्यूरो**

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.)
सरकारी विभागः उपलब्धियां और योजनाएं
मेरठ राइजिंग
शासकीय विभागों से निवेदन कि अपनी उपलब्धियां, योजनाएं, विस्तृरित परिचय प्रकाशनर्थ




Estd. 1979
R.R.ADVERTISING SERVICE
NEWSPAPER, MAGAZINE OUTDOOR, PRINT, EVENTS, POINT OF PURCHASE, SIGNAGE, FILM, DIGITAL AWARENESS PROGRAM, MEDIA INTERNATIONAL, DIGITAL MEDIA
rradvertisingmeerut.com, rradvertisingmeerut@gmail.com
PH.: 0121-2641338, 9690331338

FRIZZON
TRAVEL | EVENTS | FILMS
BOOK NOW
worldwide Travel as you wish
Domestic / International, Flight, Car, Hotel, Cruise Booking Agency
MEERUT | DELHI | MUMBAI
booking@frizzontravel.com | www.frizzontravel.com
Ph. 0121-2641338, 8266023450

आर आर पाक्षिक बुलेटिन
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर डी.ए.वी.पी. से मान्यता प्राप्त
सद्भावना समिति
RR GROUP
VISIT LOCATION
Shri Krishan Bhawan,
283, Western Kutchery Road,
Meerut-250001 (U.P.)
SUBSCRIBE LIKE & SHARE
@RR Advertising Services
@Sadbhavna Waves
@Shram Shikhar
@RR Bulletin
देखियें, जुडियें- अपने कार्यक्रम रिकार्ड करके भेजें
नियम व शर्ते लागू।

## अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई सडक सुरक्षा समिति की बैठक

में मानव स्वतंत्रता को चुनौती दे सकता है। ग्लोबल भारत टीवी के संपादक अभिषेक शांडिल्य ने बताया कि एआई पत्रकारिता को सरल और तेज बनाने में सहायक होगा। उपज प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने कहा कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी एआई को लेकर एडवाइजरी जारी की है। पत्रकारों को इसके उपयोग और चुनौतियों से अवगत कराना हमारा कर्तव्य है। एआई मीडिया हाउस के लिए लाभदायक हो सकता है, लेकिन यह व्यक्तिगत पत्रकारों के लिए रोजगार संकट भी पैदा कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक उपयोग और संभावित खतरों पर व्यापक विचार प्रस्तुत किए। यह स्पष्ट किया गया कि यदि एआई को विवेक और जिम्मेदारी के साथ उपयोग किया जाए, तो यह मीडिया के भविष्य को सशक्त बना सकता है। कार्यक्रम में उपज के अन्य पदाधिकारी जैसे महामंत्री ललित ठाकुर, कोषाध्यक्ष विश्वास राणा, नकुल चतुर्वेदी, लियाकत मंसूरी, राजू शर्मा, पवन शर्मा, अरुण सागर, राजन सोनकर, जयवीर त्यागी, राहुल राणा, दीपक वर्मा और आदिवासी पत्रकारों की उपस्थिति रही। – श्रम शिखर ब्यूरो

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
आवश्यकता
सेल्स एग्जीक्यूटिव
कार्य हेतू लड़के/लड़कियां
बायोडाटा साथ लायें (समय- 11 से 12 बजे दोपहर)
शिक्षाः इण्टर/ग्रेजुएट/एम.बी.ए.
पार्ट टाइम/फूल टाइम मीडिया जॉब
सैलरीः कार्य, समय अनुसार + इंसेंटिव
फोन, वाहन आवश्यक है।
श्रीकृष्ण भवन,
(शिवलोक कॉम्पलैक्स के सामने वाली गली)
283, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ – 250001
मो. 9219660359

Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper
R- Reliable R-Reasonable
RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com




## पश्चिमांचल बिजली वितरण निगम में बढती निलम्बन प्रवृत्ति चर्चा बनी।

लखनऊ की बाढ ने सरकार की छवि की प्रभावित करना शुरू कर दिया था और निलम्बन कार्यवाही में उस समय न्यायालय की कार्यवाही ने सरकार व निगम के अध्यक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया था। सरकार को तब एम. देवराज को बदलना पड़ा था।

ऐसा ही कुछ......

हापुड़ वितरण मण्डल में हुआ में हुआ था जहां के सहायक अभियंता अवसर अभियंता कोर्ट से निलम्बन पर स्टे ले चुके है। अब सहारनपुर के विद्युत वितरण अधीक्षण अभियंता धीरज जायजवाल निलम्बन कर दिया गया की उनका एक मीटिंग का वर्चुअल सोशल मीडिया में वायरल हुआ की वह अधीनस्थ को कह रहे है। जो बिता न चुकाये जिनके नाम कन्कशन है वह कन्कशन स्थल पर पाये जाये उनका अता-पता न हो उनके घर स्थान में आग लगा हों! डिस्कॉन प्रबन्धक द्वारा इनका संज्ञान लेकर उक्त अधिकारी निलम्ब्न कर दिए गए।

अधिकारी कह रहें है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंटस् के माध्यम से डोप फेंक वीडियों तैयार कर छवि खराब की गई है। उन्होने उल्लेखित लैग्वेज इस्तेमाल नही की है।

बताया जा रहा है कि, अधिकारी के कथन अनुसार वीडियों की सही गलत की जांच कराये बिना निलम्बन कर दिया गया जबकि उस स्थान से हटाकर पहले वीडियों की जांच फेंक मिली तब कार्यवाही से जो समाजिक, मानसिक व आर्थिक के साथ पारिवारिक उत्पीडन जो निलम्बन से हुआ है। यह आघात निलम्बनकर्त्ता लौटा सकेगें जवाब होगा नही तब फिर सबसे अन्तिम कार्यवाही सबसे पहले क्यों नही लगी है।

अधिक समय तब निलम्बन रह नही सकता-अदालत...

अदालतों के द्वारा चेताया जा रहा है। निलम्बन अधिक समय रखा नही जा सकता है। बिना आरोप पत्र निलम्बन कितना औचित्य पूर्ण है। इस पर विचार करने या समय से निलम्बन बाद की अनुशासन कार्यवाही पूरा करने का वक्त नही बिजली वितरण, राज्य संग्रह आदि कार्यो की अधिकता में फिर मेरठ में जिस प्रकार 33 के.वी. वी उसमें ऊपर के सबस्टेशन को अलग इकाई व 11 के.वी उससे ऊपर के सबस्टेशन को अलग इकाई दें तथा राजस्व विलिंग के लिए दो इकाई व रोड़ कोर्ट केस प्रशासन को एक इकाई में बांटा गया है। नियमानुसार उचित कार्यवाही समय से सुनवाई हो.... - श्रम शिखर ब्यूरो

## जन-जन के लिए अवसर

### रखें ख्याल, अपने दांतो का

- दिन में दो बार ब्रश करें, सोने से पूर्व एवं उठने पर । • पानी पीते रहें।
- कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें। • समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवायें।
- दांतो से स्वास्थ्य प्रभावित होता है। आप फार्म भरकर, प्रत्येक बृहस्पतिवार को फोन पर पूर्व निर्धारित समय पर मिलें। • 2024 में प्रभावित है।
- छात्र/छात्राओं एंव अध्यापकों को फीस में 75 प्रतिशत की छूट ।
- अभिभावक परिवारजन को फीस में 50 प्रतिशत की छूट।
- सभी छूट श्रम शिखर में प्रकाशित फार्म पर या विद्यालय के आई कार्ड पर

नोटः अपने दांतो का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें । गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कृत किया जायेगा। www.sadbhavnasamiti.in

नाम.................................................कक्षा ..............................दिनाकं...................

स्कूल का नाम/पता ..........................................................................................

अभिभावक माता/पिता का नाम.........................................................................

निवास पता.........................................................................................................

प्रधानाचार्य का नाम/फोन...................................................................................

(आधार कार्ड या स्कूल का आईडी कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

सद्भावना वैलनेस की ओर से ऑफर .......

**डॉ. विवेक मित्तल** बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. **शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक** समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212

**डॉ. नीरजा सिंह** Dental Surgeon, Ex President I.D.A. Meerut **डेन्टल केयर सैन्टर** समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 8899293720
जिला सहाकरी बैंक के बराबर में, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.) हमारे प्रयास और उपलब्धियां — मेरठ राइजिंग

सर्वागीण विकास के विभिन्न रूपो में, विकसित दृष्टिकोण की जरूरत है।

**सद्भावना समिति द्वारा मेरठ विकास के लिए किये जा रहे प्रयास प्रेरणापूर्वक कार्य**–समाजिक एवं राष्ट्र विकास के लिए जन–जन सहयोग, सुझाव, भागीदारी आवश्यक है। समाजिक व राष्ट्र के विकास के लिए आप हमें सुझाव मन की बात संभावनाआजें की विडियों बनाकर हमें भेज सकते है। जिससे राष्ट्र, समाज के विकास में आप, अपनी भूमिका निभा सकें।

**खेल विश्वविद्यालय** :– मेरठ में स्पोर्ट यूनिवर्सिटी का कार्य अनेक वर्षो से धीरे–धीरे चल रहा है। उ०प्र० राज्य में जनपद मेरठ में बन रहे प्रथम खेल विश्वविद्यालय मेजर ध्यानचंद विश्वविद्यालय 2 जनवरी 2022 को सरधना के गाँव सलावा में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शिलान्यास किया गया था जिसमें उसके बाद कोई कार्य नही किया गया एक भी ईंट नही लगायी गयी है। सद्भावना समिति द्वारा 6 मार्च 2024 में इसके निर्माण के लिए प्रधानमंत्री, खेलमंत्री, गृहमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री, राज्यपाल उ०प्र०, जिलाधिकारी, आयुक्त मेरठ मण्डल को पत्र दिये गये। 4 मई 2024 में जिलाधिकारी महोदय, जिला पंचायत अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी मेरठ द्वारा जवाब दिया गया जिसमें लोक निर्माण विभाग व जिला पंचायत में मतभेद के कारण का ना होना बताया गया। 2 मई 2024 में अधिशासी अभियंता पी.डब्लू.डी. द्वारा खेल विश्वविद्यालय का कार्य प्रारम्भ होना बताया गया जिसमें ठेकेदार मैसर्स दीपांशु प्रमोटर व बिल्डर प्रा०लि० रॉची झारखण्ड को चयनित होना बताया गया। उसके बाद से कार्य प्रारम्भ है 17 अगस्त 2024 में फिर जिलाधिकारी का पत्र प्राप्त हुआ जिसमें कार्य का तेज गतिपूर्वक होना बताया गया।

हमारे प्रयास द्वारा इसका कार्य शुरू हो पाया ।

– रवि कुमार एडवोकेट संयोजक मो० 9675834737

यह कटिंग आप अपने उपयोग के लिए टेबल या दीवार पर अवश्य लगायें और स्टीकर पाने के लिए सद्भावना समिति कार्यालय से अपना विजिटिंग कार्ड देकर प्राप्त करें।



**राइजिंग मेरठ**
जो बड़े से बड़े चिकित्सक हुए हैं
दुनिया में उन सभी के संबंध में यह बात है कि
उनकी दवा से ज्यादा उनके हाथ में गुण है
उनके हाथ में गुण का क्या अर्थ होता है
अर्थ यह होता है कि
दवा को , जिस ढंग से वे उसको देते है, वह महत्वपूर्ण है - ओशो
sadbhavnasamiti.in

सहभागी- frizzontravel.com
Domestic & International
Flight, Car, Cruise, Hotel
Email- booking@frizzontravel.com
0121-2641338, 8266023450



**राइजिंग मेरठ**
जो बड़े से बड़े अधिवक्ता हुए हैं
दुनिया में उन सभी के संबंध में यह बात है कि
संविधान पालन हेतू, उनमें गुण हैं
उनमें गुण का क्या अर्थ होता है
अर्थ यह होता है कि
कानून को , जिस ढंग से वो उसका उपयोग करते है, वह महत्वपूर्ण है - ओशो
sadbhavnasamiti.in

सहभागी- rradvertisingmeerut.com
Outdoor, Print, Events, Signage, Film, Media International & News Papers
rradvertisingmeerut@gmail.com RR Advertising Service
श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ शिवलोक कॉम्पलेक्स के सामने वाली गली
0121-2641338, 9690331338, 9219660359

## हर उम्र के जन-जन को आमन्त्रण -विकास में सहभागी बनिये

प्रजातंत्र में जनता शासक है,अधिकारो के साथ कर्तव्य निभाइयें स्वम विकसित हो, सेवक जन-प्रतिनिधियों को विकास के लिए नियमित मार्गदर्शन दीजिये । यक्तिगत/ सामूहिक (शिक्षण, संस्थान, प्रोफेशनल कॉलिज आदि) निम्न /विभिन्न विषयों पर अपने विचार अभिव्यक्त करें ।

- मंहगाई विकास के लिए आवश्यक है ।
- सेवक जनप्रतिनिधियो का कैसे सहयोग करें ।
- अपने क्षेत्र में विकास की संभावनाएं ।
- अपनी विशेषताएं एंव समाजिक योगदान ।

**सद्भावना समिति (पंजी०)** YouTube Channel @Sadbhavna Waves @Shram Shikhar
श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड़ , मेरठ मो० 9219660359 9675834737

- वार्षिक सदस्यता खुली है
- वॉलटिंयर, मीडिया सैल्स पर्सन

हर गाँव-शहर में पत्रकार,चिकित्सा केन्द्र में पंच करना,नचरोपैथी, वर्कर, डॉक्टर अपना बायोडाटा भेजें

मेरठ में अपने निकटवर्ती नि:शुल्क योग केन्द्र में आयें- योग विज्ञान - 9412208038 भारतीय योग - 9412802511

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एंव भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
सप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एंव महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

### श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**–श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**– (09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**– राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 **दिल्ली**– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई–63 मो.9920939916, **सरधना**–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । **हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




# सलाह! क्यों सलाहें नहीं मानी जातीं?

*एक शिष्य गुरु के पास पहुंचा। उसने पूछा कि मुझे स्वीकार करेंगे? मैं दीक्षित होने आया हूं। गुरु ने कहा - कठिन होगा मामला। यात्रा दुर्गम है, सम्हाल सकोगे? पात्रता है? पूछा उस युवा ने - क्या करना होगा? ऐसी कौन-सी कठिनाई है? गुरु ने कहा - जो मैं कहूंगा, वही करना पड़ेगा। वर्षों तक तो जंगल से लकड़ी काटना, आश्रम के जानवरों को चरा आना, बुहारी लगाना, भोजन पकाना-इसमें ही लगना होगा। फिर जब पाऊंगा कि अब तुम्हारा समर्पण ठीक-ठीक हुआ, तार ठीक-ठीक बंधे, तब तुम्हारे ऊपर सत्य के प्रयोग शुरू होंगे, तब ध्यान और तप।*

*उस युवक ने पूछा - यह तो बड़ी झंझट की बात है। कितने वर्ष लगेंगे यह जंगल जाना, लकड़ी काटना, भोजन बनाना, सफाई करना, जानवर चराना? गुरु ने कहा - कुछ कहा नहीं जा सकता। निर्भर करता है कि कब तुम तैयार होओगे। जब तैयार हो जाओगे, तभी-वर्ष भी लग सकते हैं, कभी-कभी जन्म भी लग जाते है।*

*उस युवक ने कहा, चलिए, यह तो जाने दीजिए, यह मुझे जंचता नहीं। गुरु होने में क्या करना पड़ता है? तो उस गुरु ने कहा - गुरु होने में कुछ नहीं। जैसे मैं यहा बैठा हूं ऐसे बैठ जाओ और आज्ञा देते रहो। तो उसने कहा - फिर ऐसा करिए, मुझे गुरु ही बना लीजिए। यह जंचता है।*

*गुरु कौन नहीं बन जाना चाहता! तुम भी कोई मौका नहीं खोते जब गुरु बनने का मौका मिले। किसी को अगर तुम पा लो किसी हालत में कि सलाह की जरूरत है, तो तुम्हें चाहे सलाह देने योग्य पात्रता हो या न हो, तुम जरूर देते हो। तुम चूकते नहीं मौका। कोई मिल भर जाए मुसीबत में, तुम उसकी गर्दन पकड़ लेते हो। तुम उसको सलाह पिलाने लगते हो। और ऐसी सलाहें, जो तुमने जीवन में खुद भी कभी स्वीकार नहीं कींय जिन पर तुम कभी नहीं चलेय जिन पर तुम कभी चलोगे भी नहीं। लेकिन किसी और ने तुम्हारी गर्दन पकड़कर तुम्हें पिला दी थीं, अब तुम किसी और के साथ बदला ले रहे हो।*

*दुनिया में सलाहें इतनी दी जाती हैं, मगर लेता कौन! कोई किसी की सलाह लेता है! तुमने कभी किसी की ली? और खयाल रखना, जिसने भी तुम्हारी असहाय अवस्था का मौका उठाकर सलाह दी है, उससे तुम नाराज हो, अभी भी नाराज हो, तुम उसे क्षमा नहीं कर पाए हो। क्योंकि तुम असमय में थे और दूसरे ने फायदा उठा लिया। तुम्हारे घर में आग लग गयी थी और कोई ज्ञानी तुमसे कहने लगा - क्या रखा हैय यह संसार तो सब जल ही रहा हैय सब जल ही जाएगा, सब पड़ा रह जाएगा-सब ठाठ पड़ा रह जाएगा जब बांध चलेगा बंजारा-अरे, यहा रखा क्या है! यह बाते तो तुम्हें भी मालूम हैं, लेकिन तुम्हारा घर जल रहा है और इन सज्जन को सलाह देने की सूझी है! तुम्हारी पत्नी मर गयी और कोई कह रहा है कि आत्मा तो अमर है। तुम्हारी तबियत होती है कि इसको यहीं दुरुस्त कर दो इस आदमी को! मेरी पत्नी मर गयी है, इसे ज्ञान सूझ रहा है! और तुम भलीभांति जानते हो कि इसकी पत्नी जब मरी थी तब यह भी रो रहा था-और कल जब इसका बेटा मरेगा तो फिर यह जार-जार रोका। तब तुम्हारे हाथ में एक मौका होगा कि तुम भी बदला ले लोगे, तुम भी सलाह दे दोगे। सलाहें एक-दूसरे का अपमान हैं। सलाह का मतलब यह होता है, तुम सिद्ध कर रहे होय मैं जानता हूं तुम नहीं जानतेय मैं ज्ञानी, तुम अज्ञानी। तुम मौका पाकर गुरु बन रहे हो। जांचना। अपने जीवन को जरा परखना। हर किसी को सलाह देने को तैयार हो! कोई सिगरेट पी रहा है और तुम्हारे भीतर एकदम खुजलाहट होती है कि इसको सलाह दो कि सिगरेट पीना बुरा है-और तुम पान चबा रहे हो! मगर पान चबाना बात और! -लेकिन तुम सलाह देने का मौका नहीं छोड़ोगे। तुम्हारे बाप ने तुम्हें सलाह दी थी और तुमने एक न मानी। और वे ही सलाहें तुम अपने बेटों को पिला रहे हो। वे भी नहीं मानेगे। तुमने नहीं मानी थी। कौन मानता है सलाह! क्यों सलाहें नहीं मानी जातीं? कारण है। देने वाला अहंकार का मजा लेता है, लेने वाले के अहंकार को चोट लगती है।*

***-भगवान रजनीश ओशो***

# हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

**वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावना समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।**

# दिखावटी कर्मो की अधिकता इस युग की देन (लेख)

*दिखावटी युग आ गया अब। हर कर्म में दिखावटी और बनावटीपन की अधिकता ने कर दिया जीवन सबका। लक्ष्य से दूरियां बाहरी जीवन के समीप आ गयें सब। चाहे धन का दान चाहे त्याग का प्यार की भावना, दूसरों व अपनों को मदद् करना सभी कुछ तो दिखावटी हो गये। प्रभू की भक्ति तक भी इससे नही छिपी सत्संग पूजा, पाठ मन्दिर में पूजा आदि सभी कुछ बनावटी हो गये जो व्यक्ति जो व्यक्ति के संस्कारों को बता देते है।*

*ईश्वर की सच्ची यथार्थ वास्तविकता सभी प्रकार के व्यक्ति को ईश्वर तक जाने में बाधक बनकर रोड़ा अटका देते है। बस ऊपरी दिखावा आकर्षित करने का साधन बन गये है। प्रातः उठे व सच्ची भावना को त्यागकर ईश्वर भूमि से दूर होते जा रहें। ध्यान खाने-पीने आधुनिकी वस्त्रों को पहनने के प्राति बढता जा रहा है। ईष्ट देवताओं के प्रति सम्मान हटता जा रहा बड़ो का सम्मान की भावना से दूरी बस इन सब कार्यो में जीवन व्यतीत होता है यदि कोई अच्छे संस्कारो की बातो से समझने लगे तो उनसे दूरी कर पलट कर असम्य मिलता है। बिगड़े बोल तुनक कर जवाब देना बस यही सब कुछ रह गया अपने दिखावटी पन में मस्त और उलझ रहते है यह है इस आधुनिक युग की देन । गहराई तक पहुंच हुये इस संस्कृति से बचना सीख देना असम्भव ही है। स्वर्णमय संस्कारिन समय सदा-सदा के लिये विदा हो गया है। बस यही है आधुनिक युग की दिखावटी देन ।*

*-निवेदिका*
*एक अज्ञात बहिन*

# कष्ट निवारण के लिए - दुष्यंत कुमार गोयल (एम0ए0 ज्योतिष ) 9359990090, 9411790090

**हमारे घर में ही कई ऐसी भाग्यवर्धक चीजें होती है, जिनका प्रयोग करने पर हम स्वयं अपने घर—ऑफिस आदि के नकारात्मक ऊर्जा को दूर करके सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि कर सकते हैं। ऐसे आसान उपाय जिससे हम सकारात्मक ऊर्जा का विकास कर अपने भाग्य को बदल सकते हैं, अपना भाग्य जागृत कर सकते हैं।**

**आर्थिक सम्पनता के लिये—** आप चाहते है कि आपकी आर्थिक संपंता स्थिर रहें के लिए उचित परिश्रम का लाभ प्रान्त हो, किसी भी माह के प्रथम शुक्ल पक्ष को यह प्रयोग आरंभ करें और नियमित 3 शुक्रवार को यह उपाय करें। प्रत्येक दिन नित्यक्रम से निवृत्त होकर स्नानों परांत अपने घर में अपने पूजा स्थान में घी का दीपक जलाकर मां लक्ष्मी को मिश्री और खीर का भोग लगायें। तत्पश्चात 11 वर्ष की आयु से कम की कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन करायें। भोजन में खीर और मिश्री जरूर खिलायें। भोजन के उपरांत श्रद्धानुसार लाल वस्त्र भेंट करें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की अवश्य कृपा होगी।

**दांपत्य सुख हेतु—** चाहते हुए वैवाहिक सुख नहीं मिल पा रहा है, हमेशा पति—पत्नि में किसी बात को लेकर अनबन रहती हो तो किसी भी शुक्रवार के दिन यह उपाय करें। मिट्टी का पात्र ले जिसमें सवा किलो मशरूम आ जाएं। मशरूम डालकर अपने सामने रख दें। पति—पत्नि दोनों ही महामृत्युंजय मंत्र की तीन माला जाप करें। तत्पश्चात इस पात्र को मां भगवती के श्री चरणों में चुपचाप रखकर आ जाए। ऐसा करने से मां भगवती की कृपा से आपका दांपत्य जीवन सदा सुखी रहेगा।

**कार्य बाधा निवारण के लिए—** लाल कपड़े के ऊपर कुभ कुम की स्याही बनाकर लाल चंदन की लकड़ी से गीता के ग्यारहवें अध्याय के 36वें शोक को श्रद्धापूर्वक लिखें। और अपने घर के दायीं ओर किसी भी कोने में टांग दें। किसी भी प्रकार की कार्य बाधा हो उसका निवारण हो जाएगा।

**विवाह में विलम्ब के उपाय —** जिस जातक की जन्म कुंडली में बृहस्पति नीच का हो, 6, 8, 12 भावों में क्रूर ग्रहों के साथ बैठा हो अथवा दृष्ट हो, प्रबल मार्केष हो तो ऐसी अवस्था में यह उपाय रामबाण का काम करता है। गुरुपुष्य नक्षत्र के दिन गुरु की होरा में केले की जड़ को पूजनादि करके खोदकर घर लाएं। उस जड़ को पूजन स्थान में रखकर श्रध्दापूर्वक बृहस्पति देवता का पूजन करके पीले कपड़े में लपेटकर अथवा सोने में जड़वाकर गले या दाहिनी भुजा में धारण करें। इससे गुरुजन्य दोषों का निवारण एवं व्यवसाय में लाभ होता है। साथ ही जिनके विवाह में विलम्ब हो रहा है उन्हें भी इस प्रयोग से शीघ्र लाभ होता है। यदि किसी के विवाह में विलम्ब हो रहा है तो उसे बृहस्पतिवार का व्रत करना चाहिए। बृहस्पति व्रत कथा सुननी चाहिए तथा प्रत्येक गुरुवार को हल्दी की गांठ बिस्तर के नीचे लेकर सोएं। यदि पति से झगड़ा होता है तो शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार को पत्नी अषोक वृक्ष की जड़ में घी का दीपक और चंदन की अगरबत्ती जलाए, नैवेद्य चढ़ाए। पेड़ को जल अर्पित करते समय उससे अपनी कामना करनी चाहिए। फिर वृक्ष से सात पत्तो तोड़कर घर लाएं, श्रध्दा से उनकी पूजा करें व घर के मंदिर में रख दे। अगले सोमवार फिर से यह उपासना करे तथा सूखे पत्तों को बहते जल में प्रवाहित कर दें। समय पर विवाह न हो रहा हो तो शुक्ल पक्ष में किसी गुरुवार के दिन प्रातःकाल उठकर स्नान करें। पीले वस्त्र पहल लें। बेसन को देषी घी में सेंककर बूरा मिलाकर 108 लड्डू बनाएं। पीले रंग की टोकरी में पीले रंग का कपड़ा बिछाकर उसमें ये लड्डू रख दें

# सरसों के तेल के फायदे। रिफाइण्ड तेल छोड़ो,सरसों का तेल खाना शुरू करें

1. सरसों का तेल उत्तर भारतीयों के लिए उत्तम है।
2. सरसों के तेल से मालिश से शरीर और मांसपेशियों में नयी ताकत आती है
3. सरसों के तेल में लोहा, कैल्शियम अधिक खनिज तत्व होते हैं।
4. सरसों के तेल में प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है।
5. सरसों का तेल बालों में लगाते हैं उनके बाल उम्र से पहले सफेद नहीं होते।
6. सरसों की तेल की मालिश से रक्त परिसंचरण बहुत अच्छे तरीके से होता है जिससे यह बालों को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है।
7. इसकी मालिश से त्वचा में खुश्की नहीं आती और त्वचा चमकदार बनती है।
8. यह तेल कील मुंहासे पिंपल्स से छुटकारा दिलाता है।
9. सरसों के तेल की मालिश से झुर्रियां भी जल्दी नहीं आती है।
10. खुजली ठीक करने में सरसों का तेल रामबाण है।
11. यह तेल चर्म रोगों जैसे की खुजली, त्वचा में फ्फूदी लगना आदि में।
12. तेल के सेवन से पाचन, पेट में जीवाणुओं के संक्रमण को रोकने में लाभ मिलता है।
13. सूखे फटे हुए होठों के लिए यह बहुत ही कारगर औषधि है।
14. सरसों का तेल टैनिन को दूर करता है और धूप से आपकी त्वचा को बचाता है।
15. सरसों का तेल भूख बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है।
16. सरसों के तेल का उपयोग पाचन क्रिया को सुधारता है।
17. सरसों का तेल के उपयोग से कैंसर की संभावना कम हो जाती है।
18. यह तेल त्वचा को पराबैंगनी किरणों और प्रदूषण से बचाता है।
19. अस्थमा के रोग में भी सरसों के तेल से छाती पर मालिश करने से लाभ होता है।
20. सरसों के तेल की तासीर गर्म होती है।
21. सरसों के तेल में लहसुन को उबालकर छाती पर लगाएं। सर्दी, जुकाम नही होता है।
22. सरसों के तेल से पेट के अंदरूनी हिस्से में सूजन कम करने में मदद मिलती है।
23. निमोनिया होने पर छाती पर इसकी मालिश छाती पर सूजन को कम कर देती है।
24. सरसों का तेल मच्छरों को दूर रखता है।
25. गर्मियों में यह मच्छर दूर रखने वाली क्रीम के रूप में काम करता है।
26. शिशुओं को इसकी मालिश जिससे उनके शरीर का विकास अच्छे तरीके से होता है।
27. बाल तेजी से बढ़ते हैं और पुरुष दाढ़ी बढ़ाने के लिए इसका प्रयोग बहुत ज्यादा कर रहे हैं।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता